Publication: **Hindustan** I Region: **Dehradun** I Date: **18/11/2014** I Page No.: **09**

10,000 से अधिक बच्चों तक पहुंचने की योजना, मुंबई के एक स्कूल से हुई मुहिम की शुरुआत

सरकारी स्कूलों में 100 लाइब्रेरी खोलेगी रिलायंस

योजना

मुंबई | विशेष संवाददाता

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस (आरएलआईसी) ने देशभर के सरकारी स्कूलों में 100 से ज्यादा लाइब्रेरी खोलेगी। इसकी शुरुआत मुंबई के सरकारी प्राथमिक स्कूल से की गई है। इसके लिए आरएलआईसी ने एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन रूम टू रीड के साथ साझेदारी की है। रूम टू रीड स्कूलों में लाइब्रेरी मुहैया कराकर शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक समानता और साक्षरता को बढ़ावा देने का काम कर रहा है।

आरएलआईसी और रूम टू रीड का लक्ष्य देशभर में 100 से ज्यादा सरकारी प्राथमिक स्कूलों में लाइब्रेरी स्थापित करना और 10,000 से ज्यादा बच्चों तक पहुंचना है। लाइब्रेरी के उद्घाटन के मौके पर आरएलआईसी के सीईओ अनुप राउ और रूम टू रीड इंडिया के कंट्री डायरेक्टर उन्मेश ब्राह्मो उपस्थित रहे। आरएलआईसी और रूम टू रीड अपने पहले साल के कार्यक्रम में राजस्थान, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के नगर निगम स्कूलों में लाइब्रेरी बनाकर उनका रखरखाव भी करेगी।

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस का रूम टू रीड के साथ यह दूसरा सहयोग कार्यक्रम है। इससे पहले रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और रूम टू रीड के साथ मिलकर 'बाउंड्रीज फर बुक' अभियान के लिए साल 2011 में हाथ मिलाया था। 'बाउंड्रीज फर बुक' अभियान के तहत रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीसी विश्व कप 2011 के दौरान हर छक्के पर 25,000 रुपये का अंशदान किया था। इस अंशदान को रूम टू रीड को दिया गया, जिसने भारत में गरीब बच्चों के लिए स्थानीय भाषा और इंग्लिश किताबें मुहैया कराईं। रूम टू रीड लड़कियों को सेकेंडरी स्कूल की शिक्षा पूरी करने व इसके आगे की जिंदगी जीने के लिए भी दक्षता पाने में सहयोग करती है।